# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Monday, 21 September 2026**


## भादरा विजन बोर्ड का ऐतिहासिक गठन, बलवंत सैनी बने अध्यक्ष; 'SEVA2040' के तहत विकसित भादरा का सपना।


Publisher

Published on 30 Jun 2025





# भादरा को हरित, स्वच्छ, नशा मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए बनी कोर टीम, 'One Bhadra One Vision' के तहत जनभागीदारी का आह्वान।

सवांदाता,भादरा,राज

स्थान

**भादरा,राजस्थान :** भादरा क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए **भादरा विजन बोर्ड** का औपचारिक गठन किया गया है। स्थानीय खेल मैदान में आयोजित एक विशेष बैठक में सर्वसम्मति से **बलवंत सैनी** को **विजन बोर्ड** का अध्यक्ष चुना गया। इस बोर्ड का गठन **#Mission_SEVA2040** के तहत किया गया है, जिसका उद्देश्य अगले 15 वर्षों में '**विकसित भादरा**' का सपना साकार करना है।

**कोर टीम की संरचना इस प्रकार है :**

**अध्यक्ष:** बलवंत सैनी

**सचिव :** अनिल कौशिक

**उपाध्यक्ष:** सुशील खजोतिया

**कोषाध्यक्ष:** अकबर खान

**सह-कोषाध्यक्ष:** अरविन्द चाचान
**मार्गदर्शक :** जगदीश प्रसाद शर्मा, अनूप सिंह शेखावत, राजकुमार वर्मा
**रूपरेखा निर्धारण :** कुलदीप सिंह मील

### Mission SEVA2040 के प्रमुख लक्ष्य :

**हरित भादरा :**
"**ग्रीन भादरा**" अभियान के तहत 1 लाख पौधों का रोपण।

**स्वच्छ भादरा :**
**हर गली, मोहल्ला कचरा मुक्त** बनाने की मुहिम।

**खेल भादरा :**
**वार्षिक खेल महोत्सव** और **खेल मैदानों का कायाकल्प**।

**नशा मुक्त भादरा :**
"**ड्रग फ्री भादरा**" अभियान की शुरुआत।

**सुरक्षित व सुंदर भादरा :**
**स्वास्थ्य, ट्रैफिक** और **सफाई व्यवस्था** में सुधार।

**जनभागीदारी का आह्वान :**
१. "**One Bhadra One Vision**" अभियान के तहत आम नागरिकों को जोड़ा जाएगा।
२. **प्रत्येक माह प्रगति की समीक्षा, प्रत्येक तिमाही मे रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी**।
३. **सदस्यता अभियान भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा**।

**अध्यक्ष बलवंत सैनी का वक्तव्य :**
"SEVA2040 सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि हमारा साझा सपना है। आज की सेवा ही 2040 में विकसित भादरा की नींव रखेगी। इसमें हर नागरिक की भूमिका अहम है।"

**समाजसेवी और युवाओं का उत्साहवर्धन :**
बैठक में बड़ी संख्या में **स्थानीय नागरिक, युवा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि**, और **पूर्व जनप्रतिनिधियों** ने भाग लिया। सभी ने विजन बोर्ड की पहल को ऐतिहासिक बताते हुए इसे **सामूहिक विकास की दिशा** में निर्णायक कदम बताया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.